[ 6/3/2026]

प्रश्न क्र. [ क्र. 2500 ]

कौशल विकास संचालनालय
मध्यप्रदेश

क्र.कौविसं/योजना/2025/ 7909 /जबलपुर दिनांक 24/06/.2025

प्रति,

उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग
मंत्रालय भोपाल, मध्यप्रदेश

विषयः- लवकुशनगर जिला छतरपुर में नवीन आईटीआई स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

संदर्भः- प्राप्त माननीय गौतम टेटवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक 162/रा.मं. (स्व.प्र.)/कौ.वि.एवं रो./2025 भोपाल दि. 25.03.2025 के साथ संलग्न मान. अरविन्द पटैरिया विधायक 50 राजनगर विधानसभा क्षेत्र जिला-छतरपुर(म.प्र.) के पत्र क्र. RAJ/2024/507/दिनांक 11.03.2025

कृपया विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों द्वारा लवकुशनगर, जिला-छतरपुर में नवीन आईटीआई स्वीकृत किये जाने के संबंध में लेख किया गया है। विषयवस्तु निम्नानुसार हैः-

1 विभाग की नीति प्रत्येक विकासखण्ड में 01 शासकीय आईटीआई खोलने की है।
2 छतरपुर जिले में कुल 08 विकासखण्डों में 05 शासकीय आईटीआई संचालित है। शेष 03 विकासखण्डों में कोई शासकीय आईटीआई संचालित नहीं है, किन्तु प्रायवेट आईटीआई संचालित हैं। (परिशिष्ट-1)
3 वर्तमान में विभाग की प्रथमिकता शेष ऐसे 51 विकासखण्डों में शासकीय आईटीआई खोलने की है जिनमें कोई भी शासकीय आईटीआई संचालित नहीं हैं किन्तु निजी आईटीआई संचालित हैं। जिसमें छतरपुर जिले के शेष 03 विकासखण्ड राजनगर, नौगाव एवं गौरीहार शामिल हैं।
4 विकाखण्ड लवकुशनगर (लौंडी) में सत्र 2016 से शासकीय आईटीआई चन्दला बालक-बालिका छात्रावास की सुविधा के साथ संचालित है। साथ ही विकासखण्ड में 03 प्रायवेट आईटीआई भी संचालित हैं। लवकुशनगर से चन्दला की दूरी लगभग 20 कि.मी. है।

लवकुशनगर के युवा छात्र-छात्राऐं शासकीय आईटीआई चन्दला में तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकते है। लवकुशनगर में पूर्व के वर्षों में कोई शासकीय आईटीआई शासकीय भवन में संचालित नहीं हुई है। पूर्व में लवकुशनगर (पुराना नाम लौंडी) में कौशल विकास केन्द्र संचालित था। वर्तमान में प्रदेश में कोई भी कौशल विकास केन्द्र संचालित नहीं हैं। वर्तमान में विभाग द्वारा लवकुशनगर में पृथक से नवीन आईटीआई की स्थापना किये जाने हेतु कोई योजना नहीं हैं। उक्तानुसार संबधितों को अवगत कराये जाने हेतु निवेदन है।

संलग्न-उपरोक्तानुसार। (संचालक महो. द्वारा अनुमोदित।)

Digitally signed by
N.P.S.Sengar
Date: 19-06-2025
18:17:25

अति. संचालक
कौशल विकास मध्यप्रदेश

कौशल विकास संचालनालय

मध्यप्रदेश

क्र.कौविसं/योजना/2025/ 5968 /जबलपुर दिनांक 23/12/.2025

प्रति,

उप सचिव,

मध्यप्रदेश शासन

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग

मंत्रालय भोपाल, मध्यप्रदेश

विषयः- माननीय विधायक विधानसभा क्षेत्र 50 राजनगर से प्राप्त प्रस्ताव एजेण्डा में शामिल करने बावत।

संदर्भः- कार्यालय प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छतरपुर म. प्र. के पत्र क्र.शाओप्रसंछ/स्थाप/2025/ 2971 छत्तरपुर दिनांक 30.09.2025 के साथ माननीय श्री अरविन्द पटैरिया विधायक 50 राजनगर क्षेत्र जिला छतरपुर के पत्र क्र. RAJ/2024/507/दिनांक 11.03.2025 एवं कलेक्टर छतरपुर के पत्र क्र. 228/एस.सी.-01/2025/छतरपुर दिनांक 24.09.

कृपया पूर्व में प्राप्त 2025 पाप्त माननीय गौतम टेटवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक 162/रा.मं. (स्व.प्र.)/कौ.वि.एवं रो./2025 भोपाल दि. 25.03.2025 के साथ संलग्न मान. अरविन्द पटैरिया विधायक 50 राजनगर विधानसभा क्षेत्र जिला-छतरपुर(म.प्र.) के पत्र क्र. RAJ/2024/507/दिनांक 11.03.2025 द्वारा लवकुशनगर, जिला-छतरपुर में नवीन आईटीआई स्वीकृत किये जाने के संबध में विषयवस्तु के संबध में विभाग को संचालनालय पत्र क्र. 2909 जबलपुर दिनांक 24.06.2025 के माध्यम से जानकारी प्रेषित की गई । सुलभ संदर्भ हेतु पूर्व में प्रेषित पत्र पुनः संलग्न प्रेषित है।

<u>संलग्न-उपरोक्तानुसार।</u>

संचालक

कौशल विकास मध्यप्रदेश